








# व्यापारी के साथ ठगी, दो लाख की राशि निकाली




**नवभारत न्यूज**


**पिछोर, 6 जनवरी।** नगर के एक व्यापारी की फर्म के बैंक खाते से साइबर ठगी का मामला सामने

### बैंक खाते से छेड़छाड़, थाना व बैंक में की गई शिकायत

आया है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा खाते में छेड़छाड़ कर लगभग दो लाख दस हजार रुपये की राशि निकाल ली गई। पीड़ित व्यापारी ने इस संबंध में पिछोर थाना एवं एचडीएफसी बैंक में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र कट्टिल ने बताया कि उनकी फर्म कट्टिल ट्रेडिंग कम्पनी के एचडीएफसी बैंक खाते से फर्जी तरीके से राशि निकाली गई है। उन्होंने बताया कि जब 5 जनवरी को बैंक स्टेटमेंट निकलवाया गया, तब उन्हें खाते से संदिग्ध लेन-देन की जानकारी मिली।

29 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच कुल 2 लाख 10 हजार रुपये की राशि निकाली गई। पीड़ित का कहना है कि उनके खाते पर न तो एटीएम कार्ड, न नेट बैंकिंग और न ही किसी प्रकार की ऑनलाइन सेवा सक्रिय है, इसके बावजूद यह धोखाधड़ी की गई। नरेन्द्र कट्टिल ने इस घटना को गंभीर साइबर अपराध बताते हुए पुलिस प्रशासन एवं बैंक प्रबंधन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तथा राशि वापस दिलाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस एवं बैंक प्रबंधन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बिजली विभाग ने चलाया हीटर जब्ती अभियान



**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 6 जनवरी।** बैराड़ में बिजली कंपनी के अधिकारियों को लगातार सूचना मिल रही थी लोग घरों में बिजली के हीटर चला रहे हैं। मामले को लेकर बिजली विभाग के जेई ने मंगलवार को अपनी टीम के साथ अवैध हीटर पकड़ने का अभियान चलाया। बिजली विभाग ने नगर के बस स्टैंड, बरोद रोड, टपरा मोहल्ला में औचक छापामार कार्रवाई कर अवैध रूप चलते मिले करीब दो दर्जन से अधिक हीटर जब्त किए। बिजली विभाग के सहायक प्रबंधक राजीव सिंह ने बताया कि अवैध हीटर की वजह से आए दिन ट्रांसफार्मर फुकने एवं केवल ब्लास्ट होने जैसी स्थिति सामने आ रही थी मंगलवार को बिजली विभाग द्वारा हीटर जबत् कर बिजली उपभोक्ताओं को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

**इनका कहना है...**

बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन अवैध हीटर पकड़ो अभियान चलाया गया जिसमें दो दर्जन से अधिक हीटर पकड़े गए साथ ही बिजली बिल वसूली की गई और कई कनेक्शन भी काटे गए।

**राजीव सिंह रावत**

## रामेश्वर ने हिंदुओं से 3 बच्चे करने की अपील की

**भोपाल, 6 जनवरी.** हुजूर विधानसभा से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने हिंदुओं से तीन बच्चे करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि तीन बच्चे होना अपराध नहीं है और देश को बढ़ते जनसंख्या संकट से बचाने के लिए यह जरूरी है. उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि कुछ परिवार पांच से अधिक बच्चे पैदा कर रहे हैं, जिससे समाज और देश पर असर पड़ रहा है. विधायक का यह बयान उस समय आया जब यह माना जा रहा था कि कैबिनेट बैठक में सरकारी नौकरियों में दो बच्चों की अनिवार्यता को खत्म करने का प्रस्ताव आ सकता है.

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 179 पदों पर आवेदन आमंत्रित

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,06जनवरी।** महिला एवं बाल विकास द्वारा जिले की 9 बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पूर्णत: अस्थाई, मानदेय आधारित एवं मानसेवी रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2025 (फेज-2) के अंतर्गत की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र आवेदिकाएँ एमपी ऑनालाईन द्वारा विकसित चयन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। जिले में 81 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 98 आंगनवाड़ी सहायिका पद, इस प्रकार कुल 179 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें दिसंबर 2025 तक के रिक्त पदों के साथ-साथ जनवरी 2026 से जून 2026 तक संभावित रिक्तियाँ भी सम्मिलित हैं। आवेदन की प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर 10 जनवरी 2026 तक चलेगी। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे, ऑफलाइन आवेदनों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। निर्देशानुसार आवेदिका का उसी ग्राम अथवा नगरीय वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है, जहाँ रिक्त पद की पूर्ति की जानी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेंडरी (12वीं उत्तीर्ण) निर्धारित की गई है। साथ ही 01 जनवरी 2025 की स्थिति में आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। आवेदन के समय समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा। आवेदन शुल्क 100/- एवं 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित किया गया है। आवेदिकाएँ स्वयं एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर या अधिकृत कियोस्क के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

# वन विभाग की टीम ने की ईंट भट्टे पर कार्यवाही के दौरान गाली गलौंच, महिला लगाती रही गुहार



**नवभारत न्यूज**

**नरवर, 6 जनवरी।** नरवर सतनबाड़ा वन परिक्षेत्र के नरवर सवरेंज में महकमे ने आज एक ईंट भट्टे पर कार्यवाही की जो कि वन क्षेत्र में लगाया गया था। कार्यवाही के दौरान प्रभारी डिप्टी रेंजर भदोरिया और पूर्व प्रभारी डिप्टी कमल किशोर शर्मा मौजूद थे, मौके पर मौजूद ईंट भट्टा लगाने वाले परिवार की महिला लगाती रही अधिकारी से कार्यवाही ना करने की गुहार, महिला की गुहार भी बेअसर रही वहीं कार्यवाही करते हुए कमल किशोर शर्मा ने तो महिला की मौजूदगी में उसके पति पर रौब झाड़ते हुए गाली गलौंच करते नजर आए। और कार्यवाही के नाम पर दो ट्रॉली ईंट लेकर चलते बने।

जानकारी के मुताबिक ईंट भट्टा लगाने वाले किसान ब्रजमोहन कुशवाह की अपनी निजी खेती की भूमि है जो शेरगढ़ बीट के 918 कक्ष क्रमांक से लगी हुई है किसान ने भूमि की सीमा पर लगी पत्थर फरसी के बाहर निजी उपयोग के लिए ईंट भट्टा लगाया था जो पिछले साल से रखी हुई है, जरूरत के अनुसार वह ईंट निकालता है। लेकिन वन महकमे ने क्षेत्र में पहली बार किसी ईंट भट्टे पर कार्यवाही करने के लिए कदम उठाया है। देखा जाए तो इस क्षेत्र में ईंट भट्टे सैकड़ों की तादात में संचालित हैं जिनके जरिए भट्टा लगाने वाले बाजार में बेच कर कारोबार चला रहे हैं। इनमें से अधिकांश ईंट भट्टे वन क्षेत्र की सीमा में संचालित हैं और वन क्षेत्र से लाई हुई लकड़ी से ईंट पकाने का काम बखूबी किया जाता है इतना ही नहीं बल्कि कहीं कहीं भट्टे पर ईंट बनाने के लिए वन क्षेत्र से काली मिट्टी की अवैध खुदाई करके लाई जाती है। कई वर्षों से क्षेत्र में संचालित ईंट भट्टों पर वन महकमा आज तक चुप्पी साधे हुए है आखिर आज एक गरीब जरूरतमंद किसान पर कार्यवाही क्यों ,इससे पहले लाखों ईंटों से भरे हुए ईंट भट्टों पर कार्यवाही क्यों नहीं की गई या महकमे के संरक्षण में संचालित थे ईंट भट्टे या फिर वन चौकी में हो रहे बाउंड्री के लिए ईंट की पूर्ति करने के लिए की गई कार्यवाही

**पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कल्लूराम कुशवाह**- का कहना है कि नरवर में केवल गरीब लोगों पर वन विभाग की कार्रवाई होती है,पास मैं कुछ लोगों के वन विभाग में लाखों ईंट वन रही उनपर भाजपा नेता का हाथ है इसलिए उन पर वन विभाग की कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं होती और वहां पर किसान की ईंटें एक वर्ष से रखी हुई थी जव क्या नरवर डिप्टी रेंजर कमल किशोर शर्मा को दिखाई नहीं दी अब डिप्टी रेंजर के पद से हटने के बाद गरीब लोगों पर कार्रवाई कर ईंटें जप्त की और विडीयो मैं अपना रोव झाड़ते हुए गाली देते नजर आ रहे हैं यह एक अधिकारी है तो किसानों को गाली देने का हक अधिकार किसने दिया।

# एनडीपीएस के मामले में आरोपी हृदेश और दीपू सेंगर हुए दोष

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 6 जनवरी।** पुलिस थाना देहात के द्वारा बीती 11 मार्च 2022 को जरिए मुखबिर की सूचना पर चैकिंग करते हुए दो आरोपियों को बाईक से आते हुए पकड़ा और इनकी जब तलाशी ली तो एक आरोपी हृदेश से 20 ग्राम व दीपू सेंगर से 50 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जब मामला न्यायालय में पहुंचा तो यहां विशेष न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए इस मामले में न्यायालय के द्वारा अपने पारित निर्णय में धारा 50 का उचित रूप से पालन नहीं किया गया और धारा 52 ए के अंतर्गत उचित रूप से सैंपलिंग की कार्यवाही नहीं की गई इस कारण अभियुक्तगणों का दायित्व का प्रमाणित नहीं पाया गया और संपूर्ण साक्ष्य उपरांत दोनों आरोपियों को एनडीपीएस के इस अपराध से दोष मुक्त करार दिया। इस मामले में अभियुक्त हृदेश की ओर से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्रसिंह यादव के द्वारा की गई।

अभियोजन के अनुसार दिनांक 11.03.2022 को थाना देहात में पदस्थ उपनिरीक्षक को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति काले रंग की मोटरसाईकिल से गुना की तरफ से मादक पदार्थ लेकर शिवपुरी बेचने आ रहे है। मुखबिर की सूचना से मय विवेचना किट पुलिस फोर्स एवं साक्षीगणों के साथ अवगत कराया और एसडीओपी को सूचना भेजी, मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु आईटीबीपी के पीछे खड़े होकर वाहन चैकिंग की, तभी काली मोटरसाईकिल पर दो लोग आते दिखे और पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस द्वारा एवं साक्षीगणों की मदद से आरोपियों को घेरकर पकड़ा और दोनों व्यक्तियों का नाम पूछा तो उन्होंने अपना नाम हृदेश एवं दीपू सेंगर बताया।

पुलिस ने हृदेश की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 20 ग्राम स्मैक एवं दीपू सेंगर से 50 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए जब्त की गई। जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय में पेश किया गया और आरोपीगणों के विरूद्ध चालान प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में न्यायालय के द्वारा अपने पारित निर्णय में धारा 50 का उचित रूप से पालन नहीं किया गया और धारा 52 ए के अंतर्गत उचित रूप से सैंपलिंग की कार्यवाही नहीं की गई, इस कारण अभियुक्तगणों का दायित्व का प्रमाणित नहीं पाया गया और संपूर्ण साक्ष्य उपरांत न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया। इस मामले में अभियुक्त हृदेश की ओर से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव एवं सहयोगी अभिभाषक अस्पाक खान, अजय शाक्य के द्वारा की जबकि दीपू सेंगर की ओर से पैरवी नदीम कुरेंशी के द्वारा की गई।

# शिवपुरी के हुनर को दिलाएं वैश्विक पहचान : सक्षम



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 6 जनवरी।** जिले के हृदय स्थल गांधी पार्क में सोमवार, 5 जनवरी से 'स्वदेशी मेले' का भव्य शुभारंभ हुआ। मेले का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों, कारीगरों और छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन देना तथा भारतीय उत्पादों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। उद्घाटन अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं मेला संयोजक सक्षम जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को दोहराते हुए स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सक्षम जैन ने कहा कि शिवपुरी जिले के उद्यमी उच्च गुणवत्ता की वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह मेला स्थानीय कलाकारों और छोटे व्यापारियों के लिए ऐसा मंच है, जहां वे अपनी प्रतिभा और उत्पादों को सीधे समाज के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। हम अक्सर अज्ञानतावश विदेशी वस्तुएं महंगे दामों पर खरीद लेते हैं, जबकि हमारे अपने जिले में बनी वस्तुएं उनसे बेहतर और किफायती होती हैं।

मेले की खासियत केवल प्रदर्शनी तक सीमित नहीं है। आयोजन स्थल पर शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और स्वरोजगार कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए विशेष काउंटर लगाए गए हैं। यहां युवाओं और इच्छुक नागरिकों को लघु उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया समझाई जा रही है, ताकि वे स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें।

## डीजीपी को हार्टफुलनेस चेंज मेकर अवार्ड

**भोपाल, 6 जनवरी.** मध्यप्रदेश पुलिस में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और संवेदनशील पुलिसिंग को सुदृढ़ करने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा को 'प्रथम हार्टफुलनेस चेंज मेकर अवार्ड' से सम्मानित किया गया. हाल ही में हैदराबाद स्थित कान्हा शांतिवनम में हार्टफुलनेस संस्था की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में यह पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी. मंगलवार को भोपाल स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में हार्टफुलनेस संस्था की प्रतिनिधि एवं आईजी श्रीमती रुचिवर्धन ने डीजीपी मकवाणा को यह सम्मान संस्था की ओर से प्रदान किया.

# नगर की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**पिछोर, 6 जनवरी।** नगर की बदहाल व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर नव निर्वाचित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल डेंगरे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से नगर की प्रमुख जनसमस्याओं से प्रशासन को अवगत कराते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल डेंगरे ने बताया कि नगर में स्व. श्री लक्ष्मी नारायण गुप्त की स्मृति में निर्माणाधीन पार्क में हो रही देरी, शासकीय नालों पर अवैध अतिक्रमण, नगर के चौराहों पर अलाव की व्यवस्था का अभाव, फल एवं सब्जी ठेला संचालकों से की जा रही अवैध वसूली, तालाब में फैल रही जलकुंभी से दूषित होता जल, नगर की साफ-सफाई एवं गलियों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होना जैसी गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं। इसके साथ ही नगर के प्रमुख चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से चालू करने, सब्जी मंडी एवं बैंक क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने, बीजासेन मंदिर के पास बनी पानी की टंकी को चालू कराने तथा आवारा गौवंश से हो रही परेशानी के समाधान हेतु गौशाला निर्माण की भी मांग की गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने अधिकारियों से आग्रह किया कि जनहित से जुड़ी इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाए, जिससे नगरवासियों को राहत मिल सके। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील शर्मा, अमोल सिंह लोधी, शैलेन्द्र बड़ैरिया, सचिन पाल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिव से शिव तक ...दक्षिण भारत के मंदिरों पर युवाओं के दल ने किया शिवघोष



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 6 जनवरी।** शिवपुरी शहर के 5 युवाओं का दल 2025 की समाप्ति पर 5 राज्यों के भ्रमण पर रवाना हुआ था जो 2026 में मंगलवार की शाम यात्रा पूर्ण कर शिवपुरी पहुंचा। इस दौरान शहर में प्रवेश से पूर्व इन तीर्थयात्री युवाओं का स्वागत हुआ। दरअसल धार्मिक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व पर्यटन की दृष्टि से भारत देश की विविधता को जानने, समझने और उसे जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह युवा हर साल लंबी यात्रा कर सोशल साइड के माध्यम से प्रसारित करते हैं। इस बार युवाओं का यह दल तेलांगाना, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडू व कर्नाटक जैसे दक्षिणभारतीय राज्यों के साथ-साथ महाराष्ट्र राज्य के भ्रमण पर था। इस दल में ब्लॉगर, लेखक एवं शिक्षक नीरज सरैया, कवि प्रदीप अवस्थी, शिक्षक संघ के अध्यक्ष स्नेह सिंह रघुवंशी, सामाजिक

### दो हफ्ते में 6300 किमी की यात्रा पर 5 राज्यों की यात्रा कर आध्यात्मिक, धार्मिक व पर्यटन महत्व को जाना

कार्यकर्ता एवं शिक्षक बृजेन्द्र भार्गव कुल्लू एवं मनोज खत्री शामिल थे। इस दौरान इस दल ने दक्षिण भारत के विभिन्न प्रमुख मंदिरों की स्थाप्य कला, पूजन पद्धति से लेकर यहां के धार्मिक एवं आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व को जाना। वहीं पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय लोगों की जीवन शैली, कृषि व्यवसाय व परंपराओं को भी नजदीक से महसूस किया। दल ने शिव के धाम शिवपुरी से शिव के ही धाम ज्योर्तिलिंग मल्लिकार्जुन, रामेश्वरम सहित महाराष्ट्र के बैरुल में स्थित घृष्णेश्वर महादेव के अलावा अरुणाचलेश्वर, श्रीलक्ष्मी नारायण गोल्डन टेम्पल, ईशा फाउण्डेशन द्वारा स्थापित आदियोगी स्टेच्यू, विश्व के सबसे बड़े मंदिरों में सुमार रंगनाथतम मंदिर, अर्द्धनारीश्वर मंदिर, मीणाक्षी मंदिर मदुरई सहित कन्याकुमारी में स्थित माता कन्याकुमारी मंदिर एवं स्वामी विवेकानंद की तपस्या स्थली का भ्रमण किया, साथ ही पर्यटन की दृष्टि से विश्वविख्यात पोंडेचरी, हैदराबाद के चार मीनार सहित तीन समुद्रों के संगम का अवलोकन किया और शिवपुरी जिले सहित देश में सुख-समृद्धि की कामना के साथ शिवघोष किया।

# जीरो डोज बच्चों तक टीकाकरण पहुंचाने विशेष उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 6 जनवरी।** यूनिसेफ के सहयोग से मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन द्वारा जीरो डोज श्रेणी के बच्चों तक टीकाकरण सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर टीकाकरण को जन-आंदोलन का रूप देना रहा।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शहरी निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सामुदायिक संगठनों और प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि जब समाज के नेतृत्वकर्ता स्वयं आगे आते हैं, तो जन-जागरूकता बढ़ती है और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

खंड चिकित्सा अधिकारी दीक्षांत गुधेनियां ने कहा कि आज भी कई परिवार झिझक, भ्रम और मिथकों के कारण बच्चों का टीकाकरण नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे में प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा सही जानकारी और विश्वास निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने जीरो डोज की अवधारणा स्पष्ट करते हुए बताया कि ऐसे बच्चे जिन्हें एक वर्ष की आयु तक पेंटा वैक्सीन की एक भी खुराक नहीं मिली, वे गंभीर बीमारियों के प्रति पूरी तरह असुरक्षित रहते हैं। इन बच्चों की सुरक्षा के लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है।

एमपीव्हीएचए यूनिसेफ के जिला समन्वयक अमन प्रताप सिंह गौर ने नियमित टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि टीकाकरण से खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनस, पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, टीबी और रोटावायरस जैसी बीमारियों से बच्चों की रक्षा होती है। उन्होंने जीरो डोज बच्चों की पहचान को प्राथमिकता देने और समय पर टीकाकरण से जोड़ने की आवश्यकता बताई। साथ ही खसरा-रूबेला उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सभी बच्चों का एमआर टीकाकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं, एमएसडब्ल्यू के छात्र तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दीक्षांत गुधेनियां, अमन प्रताप सिंह गौर, ब्लॉक समन्वयक दिनेश राठौर सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।




# ब्लॉक कोलारस में शून्य निवेश नवाचार कार्यशाला

### ब्लॉक कोलारस में शिक्षा के क्षेत्र में अनूठा काम

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 6 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार तथा जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार एवं एपीसी मुकेश पाठक के मार्गदर्शन में विकासखंड कोलारस में शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल की गई। बीआरसीसी पी. जैन द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय जगतपुर, कोलारस में अंग्रेजी विषय के माध्यमिक शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों की शून्य निवेश पर नवाचार कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में विकासखंड कोलारस के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान शून्य निवेश के माध्यम से विद्यार्थियों में अंग्रेजी विषय के प्रति रुचि कैसे विकसित की जाए, विषय का स्तर एवं परीक्षा परिणाम कैसे सुधारे जाएं तथा नवीन तकनीक एवं नवाचार के जरिए छात्रों की गुणवत्ता में सुधार कैसे किया जाए—इन बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बीआरसीसी पी. जैन ने बताया कि डीईओ शिवपुरी के आदेशानुसार शीतलहर के चलते नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए दो दिवस का अवकाश रहा। इसी क्रम में नवाचार गतिविधि के अंतर्गत अंग्रेजी शिक्षकों को विषय को सरलता से समझाने एवं परीक्षा उपयोगी टिप्स साझा किए गए, जिससे विद्यार्थियों को अधिक लाभ मिल सके। कार्यशाला में बीएसी दीपक भगोरिया, गजेन्द्र धाकड़, श्रीलाल जाटव, अरविन्द सगर सहित अंग्रेजी विषय के मास्टर ट्रेनर युसूफ खान, सत्यम गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद, अजय जैन, अनामिका शर्मा एवं विकासखंड के समस्त अंग्रेजी विषय के शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

**न्याय यात्रा** | कांग्रेस की राऊ में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# जल त्रासदी पर कांग्रेस ने सरकार पर लगाए आरोप



**विशेष संवाददाता**

**इंदौर, 6 जनवरी.** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को राऊ विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की.

बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा 11 जनवरी को इंदौर में प्रस्तावित 'न्याय यात्रा' की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया. बैठक में एआईसीसी की राष्ट्रीय सचिव उषा नायडू, इंदौर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे.

### जल त्रासदी के विरोध में प्रदेशव्यापी कैंडल मार्च

मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने बताया कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीले पानी से 17 लोगों की मौत के विरोध में बुधवार को पूरे प्रदेश में एक साथ कैंडल मार्च निकाला जाएगा. सभी शहरों में यह मार्च शाम 5 .30 बजे शुरू होगा. इंदौर में कैंडल मार्च रीगल चौराहा पर आयोजित किया जाएगा, जहां महिलाएं मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देंगी.